Class - V

Worksheet no.- 29

Subject-2nd language (Hindi). Date-2/07/20

Topic- prose (ch-2) Time limit -30 minutes

बच्चों,जैसा कि दो कॉपियां बनाने की जानकारी पहले ही दे दी गई है और आप जानते हैं कि शिखा हिंदी पाठमाला की कॉपी में भी , प्रथम पृष्ठ पर विषय- सूची(content) बनाना है। विषय- सूची का नमूना साथ दिया जा रहा है।आप भी ठीक उसी प्रकार विषय -सूची बनाएंगे।

विषय सूची

दिनांक	वर्कशीट संख्या	पाठ संख्या और नाम	पृष्ठ संख्या	शिक्षक/शिक्षिका हस्ताक्षर

लिखित प्रश्न- उत्तर–

(क) राजकुमार को मुसकराता राजकुमार क्यों कहा जाता था?

उ०) शहर के मध्य लगी प्रतिमा, उस राज्य के किसी राजकुमार की थी, जो सदैव मुस्कुराता रहता था। इसलिए सब उसे मुस्कुराता राजकुमार कहते थे।

(ख) मां ने बच्चे को क्या समझाया?

उ०) मां ने बच्चे को समझाया कि तुम्हें भी प्रतिमा की तरह सदा मुस्कुराना चाहिए। बात बात पर रोना अच्छी बात नहीं।

(ग) चिड़िया चिमनी में क्यों जाना चाहती थी?

उ०) बारिश में भीगने से बचाने के लिए चिड़िया चिमनी में जाना चाहती थी।

(घ) "शायद मेरा दिल भी नहीं रहा।"

(अ)'मेरा' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

उ०)'मेरा' शब्द राजकुमार के लिए प्रयुक्त हुआ है।

(ब) यह बात किससे और क्यों कहीं गई ?

उ०) यह बात चिड़िया से कही गई है क्योंकि राजकुमार दूसरों की

मदद करना चाहता था।

(ङ) "वह भूख प्यास से बेहाल है।"

(अ) कौन भूख प्यास से बेहाल था और क्यों?

उ०) नाटककार भूख प्यास से बेहाल था क्योंकि वह बहुत गरीब था।

(ब) उसकी सहायता किसने और कैसे की?

उ०) उसकी सहायता राजकुमार ने चिड़िया के माध्यम से तलवार में जड़े रत्नों को नाटककार के पास पहुंचा कर की।

3. विस्तार पूर्वक प्रश्न उत्तर-

(क) लोग प्रतिमा की तारीफ क्यों करते थे?

उ०) प्रतिमा का रंग सुनहरा तथा उसके वस्त्र सोने की परतों से बने हुए थे, उसकी आंखें हीरे जड़ित और तलवार रत्नों से जड़ी हुई थी।जो भी वहां से गुजरता,उस प्रतिमा की सुंदरता एवं मुस्कान की तारीफ़ किए बिना नहीं रह पाता।

(ख) राजकुमार ने चिड़िया को अपने बारे में बताते हुए क्या अनुरोध किया?

उ०) राजकुमार ने बताया कि वह भी सेन साऊची के बड़े किले में रहता था । सदा खुश रहता था तथा हमेशा सबके काम आता था। अब वह जीवित नहीं है। शायद उसका दिल भी नहीं रहा। वह चाहते हुए भी किसी की मदद नहीं कर सकता था इसलिए वह चिड़िया से मदद मांग रहा था।

(ग) "मैं उस लड़के की मदद के लिए बिल्कुल नहीं जाऊंगी" चिड़िया का यह कहना कहां तक उचित था?

उ०) चिड़िया का यह कहना उचित नहीं था क्योंकि कुछ एक शरारती लड़कों के व्यवहार को देखकर सभी लड़को को एक समान समझना ठीक नहीं है।

(घ) राजकुमार ने चिड़िया को एक रात और रुकने का आग्रह क्यों किया?

उ०) राजकुमार ने चिड़िया को एक रात और रुकने का आग्रह किया क्योंकि वह शहर के बाहर रहने वाले एक गरीब नाटककार और अन्य जरूरत-मंदों की मदद कर सके।